## खबर संक्षेप

### जिला कौशल समिति की बैठक 18 नवंबर को

**कटनी।** जिला कौशल समिति की बैठक मंगलवार 18 नवंबर को शाम 5 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कटनीके प्राचार्य तथा सचिव जिला कौशल समिति ने जिला पंचायत कटनी सीईओ, आयुक्त नगर पालिक निगम, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्यो ग केन्द्र, उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला श्रम अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, लीड बैंक मैनेजर सहितसमिति के सभी सदस्यों को नियत समय पर अपने-अपने विभाग की जानकारी सहित बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### प्रतिभावान छात्राओं को करेंगे पुरस्कृत



**स्लीमनाबाद।** तहसील क्षेत्र के छोटे से ग्राम धरवारा मै जन्म लेकर प्रदेश के पुलिस विभाग के मुखिया बन चुके पूर्व डीजीपी ओपी गर्ग व उनकी पुत्री जो वर्तमान में मंदसौर कलेक्टर है अदिति गर्ग आज अपने गृह ग्राम धरवारा पहुंचेंगे जहाँ वे सबसे पहले शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल स्लीमनाबाद पहुंचकर प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करेंगे। उनके द्वारा विगत 5 वर्षो से गृह ग्राम के कक्षा 12 वी के प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जा रहा। स्कूल कार्यक्रम के बाद वे ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचेंगे जहाँ ग्रामवासियों से मुलाक़ात करेंगे ओर फिर अपने घर जायेंगे जहाँ परिजनों से भेंट करेंगे।

### लापता दो नाबालिगों को किया गया दस्तयाब

**कटनी।** कुठला व रीठी पुलिस को दो नाबालिग बालिकाओं को दस्तयाब करने में सफलता मिली है। पुलिस के मुताबिक 7 नवम्बर को नबालिग बालिका के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बेटी सुबह करीब 09 बजे देवगांव स्कूल गई थी जो वापस घर नहीं पहुंची जिसकी आसपास के गांव व रिस्तेदारी में तलाश करने के बाद भी पता नहीं चला। पिता ने संदेह जाहिर करते हुए कहा कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बेटी को बहला फुसला कर या प्रलोभन देकर ले गया है। जिस पर रीठी थाने में धारा- 137(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। बालिका की दस्तयाबी के लिये हर संभव प्रयास करते हुए रीठी की पुलिस टीम ने नाबालिग बालिका को अहमदाबाद (गुजरात) से दस्तयाब कर परिजनो को सकुशल सुपुर्द किया है। कार्रवाई में निरीक्षक मोहम्मद शाहिद, उनि दिनेश चैहान, प्रआर. अजय मेहरा, आरक्षक नितेश दुबे, आशुतोष, ज्ञानेंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसी तरह थाना कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में गुमशुदा बालिका को कुठला पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के अन्तर्गत गुमशुदा बालिका को दस्तयाब किया है। दस्तयाबी उपरांत गुमशुदा बालिका को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया है।

### निगहरा ग्राम में दोहरी हत्या के मामले का पुलिस ने 24 घंटे में किया राज फाश

# ताना मारना पड़ा भारी, पुत्र ने पिता व मां को कुल्हाड़ी से उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम निगहरा में हुई दोहरी अंधी हत्या का बड़वारा पुलिस ने मात्र 24 घंटे के अंदर पर्दाफाश कर दिया। पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि मृतक दंपत्ति की हत्या किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि उनके ही बेटे ने की थी।

रिपोर्टकर्ता रघुनाथ श्रीवास ने रिपोर्ट लेख कराया कि मैने अपने खेत की देखरेख करवाने के लिए लल्लूराम कुशवाहा निवासी ग्राम बिजौरी वाले को एक साल पहले खेत की तकवारी करने के लिए अपने खेत मे बनी झोपडी मे रहने को दिया हूँ। लल्लू राम कुशवाहा एवं पत्नी प्रभा बाई कुशवाहा के साथ खेत मे रह कर खेती किसानी एवं देख रेख करता था। 15/11/25 के प्रातः करीब 9 बजे लल्लूराम का लडका अभिषेक कुशवाहा ने मुझे गाँव मे आकर बताया कि पिता लल्लूराम कुशवाहा एवं माँ प्रभा बाई कुशवाहा को किसी अज्ञात व्यक्ति ने मार कर दोनो की हत्या कर दी है। मै तुरन्त अभिषेक के साथ अपने खेत में बनी झोपडी के अन्दर देखा तो झोपडी के अन्दर बिस्तर



पर लल्लूराम कुशवाहा एवं उसकी पत्नी प्रभा बाई कुशवाहा की लाश पडी है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना बड़वारा में अपराध धारा 103(1) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा थाना प्रभारी बड़वारा उनि केके पटेल को अज्ञात आरोपी की पता तलास कर गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया जिसके परिपालन में अज्ञात आरोपी की पता तलाश हेतु थाना प्रभारी बड़वारा कृष्ण कुमार पटेल द्वारा थाना स्तर पर विशेष टीम का गठन किया गया। मामला गंभीर प्रकृति का होने से टीम द्वारा अविलंब तत्परता से कार्यवाही करते हुए मजबूत मुखबिर तंत्र के माध्यम से घटना कारित करने वाले अज्ञात आरोपी की पता तलास की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अभिषेक पिता लल्लूराम कुशवाहा 19 साल निवासी ग्राम बिजौरी (मझगवां) को दोहरा कत्ल करने के रुप में ज्ञात किया गया। आरोपी से घटना के संबंध मे पूछताछ करने पर उसने बताया कि एक वर्ष पूर्व इसका एक्सीडेंट हो गया था जिसके लिए पिता ने इलाज के लिए पैसे दिए थे। इलाज के पैसों के लिए इसका पिता ताने मारता था एवं इसके पिता लल्लूराम कुशवाहा ने दूसरी शादी प्रभा कुशवाहा से कर ली थी जिससे इसका माता-पिता से आये दिन लड़ाई झगड़ा होते रहता था

आरोपी अभिषेक रोज-रोज के झगड़ों से तंग हो गया था जिससे आरोपी नें सौतेली माँ प्रभा कुशवाहा एवं पिता लल्लूराम कुशवाहा की माता एवं पिता को गर्दन में लोहे की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दिया जिससे मृतक एवं मृतिका की मौके पर मृत्यु हो गई है। आरोपी को अभिरक्षा में लिया जाकर पूंछताछ की जा रही है।

कार्यवाही में डीएसपी मुख्यालय श्रीमति ऊषा राय, थाना प्रभारी उनि. केके पटेल, उनि प्रदीप जाटव, सउनि महेश प्रताप सिंह, सउनि रामनाथ साकेत, प्रधान आरक्षक लालजी यादव, प्रधान आरक्षक राजकुमार सिंह, प्रधान आरक्षक बीरेन्द्र कुमार, आरक्षक गौरीशंकर राजपूत, आरक्षक शिवप्रकाश तिवारी, आरक्षक बृजलाल प्रजापति, आरक्षक रवि कुमार कोरी एवं ग्राम सुरक्षा समिति सदस्य कमलेश निषाद की विशेष भूमिका रही।



## धान के अवैध भंडारण एवं परिवहन पर 83 हजार रूपए का वसूला गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के पहले से ही अवैध रूप से धान का भंडारण व परिवहन करने वाले व्यक्तियों,दलालों, व्यापारियों और बिचौलियों पर जिला प्रशासन की पैनी नजर है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने राजस्व , खाद्य एवं कृषि उपज मंडी के संयुक्त दल को निर्देशित किया है कि हर गतिविधि पर नजर रखें और नियम विरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश के परिपालन में तहसील स्लीमनाबाद अंतर्गत पेट्रोल पंप के सामने से पीछे की ओर श्री ट्रेडर्स के नाम से दुकान मालिक लाल हल्दकार द्वारा संचालित हार्डवेयर की दुकान के गोदाम में लगभग 700 क्विंटल धान एवं 175 क्विंटल गेहूं भंडारित पाया गया। जिस पर कृषि उपज मंडी विभाग द्वारा मंडी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।इस अवैध भंडारित धान के लिए कुल 70 हजार 110 रूपए का जुर्माना लगाया गया। जिसमें धान पर दाण्डिक मंडी शुल्क 53 हजार 516 रूपए, निराश्रित शुल्क 10 हजार 664 रूपए और समझौता शुल्क के रूप में 6 हजार रुपए अधिरोपित कर जमा कराया गया। यह कार्यवाही तहसीलदार आकाशदीप नामदेव, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पियूष शुकला और कृषि उपज मंडी के कर्मचारियों के संयुक्त दल द्वारा विगत दिनों की गई।

कृषि उपज मंडी कटनी के सचिव किशोर कुमार नरगांवे ने बताया कि मंडी उड़नदस्ता दल द्वारा 14 नवंबर को 70 क्विंटल धान का अवैध परिवहन करते हुए पाये जाने पर भी 7 हजार रुपए मंडी शुल्क एवं निराश्रित शुल्क 1 हजार 400रूपये और समझौता शुल्क 5 हजार रुपए अधिरोपित कर जमा कराया गया। इस प्रकार दोनो प्रकरणों में कुल 83 हजार 380 रूपए कृषि उपज मंडी के खाते में जमा कराए गए।

*कलेक्टर ने समीक्षा कर गणना पत्र के डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाने के दिये निर्देश*

## सभी बीएलओ प्रतिदिन 10 प्रतिशत गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एस आई आर) का कार्य कटनी जिले में भी 4 नवंबर से प्रारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत कटनी जिले के 1168 बीएलओ द्वारा जिले के कुल 10 लाख 1 हजार 162 मतदाताओं को घर जाकर गणना पत्रक वितरण किया गया है। मतदाताओं द्वारा गणना पत्रक भरकर बीएलओ को वापस देना है और बीएलओ द्वारा 4 दिसंबर तक भरे हुए गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन अनिवार्य रूप से किया जाना है।

भारत निर्वाचन आयोग की निदेशक श्रीमती शोभा सक्सेना और मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने 16 नवंबर को प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक लेकर एसआईआर कार्य में गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन कार्य की समीक्षा की। इस दौरान कटनी के कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, निगमायुक्त एवं अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री तपस्या परिहार और अपर कलेक्टर एवं उप जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी नीलांबर मिश्र वर्चुअली जुड़े रहे।

बैठक में प्रतिदिन 10 प्रतिशत गणना पत्रक का डिजिटाईजेशन करने का लक्ष्यर निर्धारित किया गया। प्रत्येक ईआरओ को अब तक किए गए गणना पत्रक डिजिटाईजेशन कार्य के उपरांत लक्ष्ये से शेष कार्य को जाड़ते हुए प्रत्येक दिवस 10 प्रतिशत गणना पत्रक डिजिटाईजेशन का कार्य करने के निर्देश दिए गए। जिन बीएलओ का डिजिटाईजेशन कार्य 10 प्रतिशत मतदाताओं से कम हुआ है उनसे ईआरओ को प्रत्क्ष में संपर्क कर समीक्षा करने और कार्य की प्रगति को बढ़ाने के निर्देश दिए गए। ईआरओ को प्रत्ये्क बीएलओ एवं सुपरवाईजर के कार्य की प्रतिदिन समीक्षा करने कहा गया।

वीसी के तत्काल बाद कलेक्टर शने गूगल मीट से सभी ईआरओ एवं एईआरओ को निर्देशित किया कि गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाएं और निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रतिदिन के लक्ष्य को अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। इस दौरान जिपं सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार भी जुड़े रहे।

## मुख्य मार्गों में घूम रहे मवेशियों को हटाने की कार्यवाही



नगर में सड़क सुरक्षा एवं यातायात सुगमता को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा घुमंतू मवेशियों के विचरण पर नियंत्रण के लिए हांका टीम द्वारा कार्रवाई की जा रही है। शहर के प्रमुख मार्गों सहित भीड़-भाड़ सहित नगर के अन्य स्थलों में घूम रहे मवेशियों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की कार्यवाही की गई जिससे यातायात बाधित न हो और नागरिकों को सुरक्षित मार्ग भी मिल सके। निगम अधिकारियों का कहना है कि मवेशियों को खुला छोड़ने वाले लोगों पर भी आवश्यकतानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही नागरिकों से सहयोग की अपील की गई है कि वे अपने मवेशियों को बांधकर रखें और सड़क पर विचरण की स्थिति न बनने दें। हांका टीम का यह सतत अभियान शहर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में प्रभावी कदम साबित हो रहा है।

## अभिनय एवं सांस्कृतिक विधाओं में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कन्या महाविद्यालय में जिला स्तरीय अंतर-महाविद्यालयीन अभिनय एवं सांस्कृतिक विधा युवा उत्सव का सफल आयोजन संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम छात्राओं की रचनात्मकता, अभिनय कौशल तथा सांस्कृतिक प्रतिभा को प्रदर्शित करने का प्रमुख मंच सिद्ध हुआ।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के कुशल मार्गदर्शन एवं संयोजन में आयोजित इस उत्सव ने सांस्कृतिक उत्थान को बढ़ावा दिया तथा विभिन्न महाविद्यालयों के बीच सहयोग एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत किया। प्रथम दिवस 13 नवंबर को अभिनय विधा पर केंद्रित रहा, में माइम, स्किट, मिमिक्री तथा नाटक जैसी विविध विधाओं का रोचक प्रदर्शन किया गया। छात्राओं ने अपनी अभिनय क्षमता का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्किट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शासकीय महाविद्यालय, बरही को, द्वितीय स्थान शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी को तथा तृतीय स्थान स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, स्लीमनाबाद को प्राप्त हुआ। एकांकी प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालय ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि द्वितीय स्थान शासकीय महाविद्यालय, बरही को तथा तृतीय स्थान प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी को मिला। माइम मूक अभिनय प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी प्रथम, शासकीय महाविद्यालय, बरही द्वितीय तथा प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी तृतीय स्थान पर रहा। मिमिक्री प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान साईनाथ महाविद्यालय, कटनी को तथा तृतीय स्थान स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, स्लीमनाबाद को मिला।

द्वितीय दिवस, 14 नवंबर को सांस्कृतिक विधाओं पर केंद्रित कार्यक्रम में एकल गायन (शास्त्रीय, पाश्चात्य, सुगम), एकल नृत्य (शास्त्रीय), वादन (परकुशन एवं नॉन-पर्कशन), समूह गायन (पाश्चात्य एवं भारतीय) तथा समूह नृत्य/लोकनृत्य जैसी विधाओं का शानदार प्रदर्शन हुआ। विविध रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को उत्साह से भर दिया। एकल गायन सुगम प्रतियोगिता में साईनाथ महाविद्यालय, कटनी प्रथम, शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी द्वितीय तथा प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी तृतीय स्थान पर रहा।

*न्यायालय कलेक्टर के आदेश पर की गई कार्यवाही, मचा हड़कंप*

## अवैध कालोनी विकसित करने पर 5 भूमि स्वामियों के विरुद्ध एफआईआर हुई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अवैधानिक रूप से प्लाटिंग करने और अवैध कालोनी विकसित करने वालों के विरुद्ध न्यायालय कलेक्टर कटनी द्वारा आदेश पारित कर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में न्यायालय कलेक्टर के आदेश के परिपालन में ग्राम बरही में अवैध प्लाटिंग करने वाले 5 भू-स्वामियों के विरुद्ध शनिवार 15 नवंबर को बरही पुलिस थाना में मध्य प्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1956 की धारा 292 सी एवं अधिनियम 196 की धारा 339 सी के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके बाद अब अवैध कालोनाइजरों में हड़कंप मच गया है।

### इनके विरुद्ध हुई एफआईआर

तहसीलदार बरही आदित्य प्रकाश द्विवेदी ने बरही पुलिस थाना में कुल 5 व्यक्तियों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराया है। इनमें सुषमा ताम्रकार पिता विश्वनाथ ताम्रकार शामिल हैं,जिनके द्वारा ग्राम बरही स्थित भूमि खसरा नंबर 1202/3/च रकवा 0.642 हेक्टेयर भूमि में 9 भूखण्डों का विक्रय आवासीय प्रयोजन हेतु किया गया है और इसी प्रकार बरही निवासी 4 अन्य भूमि स्वामी क्रमशः लक्ष्मी प्रसाद ,सप्तमी प्रसाद ,अशोक कुमार पिता झुल्ली एवं राजकुमारी पुत्री झुल्ली निवासी बरही शामिल हैं, इन सभी के द्वारा वर्तमान मौका स्थिति अनुसार खसरा नंबर 1197 रकबा 0.457 हेक्टेयर मे से कुल 31 भू-खण्डों का विक्रय पत्र टुकड़ों में निष्पादित किया गया है। उल्लेखित भूमियों का विक्रय आवासीय प्रयोजन की दृष्टि से किया गया है जो अवैध प्लाटिंग की श्रेणी में आता है। साथ ही भूमियां डायवर्टड भी नहीं है।

भूमि स्वामियों द्वारा राजस्व ग्राम बरही की खसरा नंबर 1202/3/च रकवा 0.642 हेक्टेयर और खसरा नंबर 1197 रकबा 0.457 हेक्टेयर की जिन जमीनों की बिक्री की गई है। ये सभी जमीनें नगर परिषद बरही के अंतर्गत आता है और ये डायवर्टेड भी नहीं है। साथ ही भूमि के विक्रेताओं के पास रजिस्टर्ड कालोनाइजर अनुमति भी नहीं है। इसके अलावा नगरपालिका कालोनी विकास नियम 2021 के बनायें नियम के अधीन अनुज्ञा प्राप्त किए बिना मध्यप्रदेश नगर पालिक अधिनियम 1961 की धारा 339 (क)तथा 339 (ख) के प्रावधानों का उल्लंघन कर कालोनी विकास कार्य किया जा रहा था।जो कि अनाधिकृत कालोनी विकास की श्रेणी में आता है। कालोनी का ले-आउट नक्शा नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय से स्वीकृत नहीं है। जिला पंजीयक के प्रतिवेदन के मुताबिक दोनों रकवा की भूमि की बिक्री आवासीय प्रयोजन हेतु की गई है, जो अवैध प्लाटिंग की श्रेणी में आती है। साथ ही रेरा में पंजीयन कराये बिना भू-खंडों के अवैध बिक्री अपराध है।

### 10 नवंबर को दिए थे आदेश

बताते चलें कि न्यायालय कलेक्टर आशीष तिवारी ने अनावेदकों द्वारा प्रस्तुत विक्रय पत्रों और खसरा अभिलेखों का सूक्ष्मता से अवलोकन के उपरांत सभी 5भूमि स्वाममियों को अवैध कालोनाइजिंग का दोषी पाते हुए उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश दिया था।

### कटाई नहीं हो पाने से फसल हो रही बर्बाद, किसान की बढ़ी चिंता

## खेतों में पानी: फसल कटाई के लिए नहीं पहुंच पा रही मशीन, मजदूर भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद के पठार क्षेत्र में धान की फसल पककर तैयार खड़ी है, लेकिन पिछले दिनों हुई लगातार बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। खेतों में इतना जलभराव हो चुका है कि न तो मशीनें पहुंच पा रही हैं और न ही मजदूर काम पर उतर पा रहे हैं। मजबूरी में किसान पैरों में बोरी बांधकर, कीचड़ और पानी से भरे खेतों में उतर रहे हैं और फसल को जितना हो सके उतना बचाने की कोशिश कर रहे हैं। पठार क्षेत्र के किसानों का कहना है कि इस बार मौसम ने ऐसा करवट ली है कि मेहनत से खड़ी की गई फसल



बर्बादी की कगार पर पहुंच गई है। खेतों में लंबे समय से जमा पानी के कारण धान की बालियां फिर से अंकुरित होने लगी हैं। इससे केवल पैदावार कम नहीं होगी, बल्कि कटाई के बाद दाने का वजन और गुणवत्ता भी घट जाएगी।

कई किसान बताते हैं कि फसल का एक बड़ा हिस्सा पहले ही खराब होना शुरू हो गया है।मजदूर नहीं, और जो मिल रहे हैं वे मांग रहे दोगुना दाम-ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों की भारी कमी हो गई है।मुन्नी बाई पटेल बताती हैं कि मजदूर कटाई के लिए मनमाने दाम मांग रहे हैं। एक दिन की मजदूरी 400 से 500 रुपए से बढ़कर लगभग 800 से 1000 रुपए तक पहुंच गई है। ऐसे में किसान खुद ही खेतों में उतर रहे हैं। पठार क्षेत्र के निचले इलाकों में जलभराव और अधिक है।किसानों का कहना है कि पानी अभी निकलने में 10 से 15 दिन लगेंगे, मशीनें शीनें खेत में घुस ही नहीं पा रहीं, फसल का लगभग आधा हिस्सा खराब होने का खतरा है।खरीफ बोनी का बड़ा हिस्सा प्रभावित विकासखंड क्षेत्र में इस खरीफ सीजन में 35 हजार हेक्टेयर में बोनी हुई थी, जिसमें से 25 हजार हेक्टेयर में धान की रोपाई की गई थी।अब लगातार जलभराव और कटाई में देरी के कारण बड़े पैमाने पर फसल नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

किसानों का का कहना है कि तत्काल क्षति सर्वे कराया जाए, प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाए, निचले क्षेत्रों में जलनिकासी के लिए मशीनें लगाई जाएं। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन खेतों का निरीक्षण करके नुकसान का सही आकलन करे ताकि किसान आने वाले रबी सीजन की तैयारी कर सके।

ग्राम तिंगवा के किसान संतोष चौधरी ने बताया कि एक एकड़ में धान लगाया था। फसल पूरी तरह पक चुकी है. लेकिन खेत में घुटनों तक पानी भरा है। बोरी बाँधकर किसी तरह काम कर रहे हैं।वहीं राजकुमार चौधरी ने बताया कि कीचड़ में पैर धंस जाते हैं, सांप-बिच्छू का डर अलग से। फिर भी खेत में उतरना पड़ता है। मेहनत की फसल को यूं ही बर्बाद होते देखने का दुःख उससे बड़ा है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में चल रहे ड्रेनेज सुधार कार्य की प्रगति का कलेक्टर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर उमरियापान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जल निकासी की सुगम व्यवस्था बनाने का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है। बीते शनिवार को उमरियापान के भ्रमण पर पहुंचे कलेक्टर श्री तिवारी ने सबसे पहले अस्पताल ड्रेनेज व्यवस्था सुधार कार्य की मौजूदा प्रगति के बारे में जानकारी ली।

विदित हो कि कलेक्टर श्री तिवारी ने बीते 16 अक्टूबर को अपने उमरियापान प्रवास के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री तिवारी को अस्पताल परिसर की



ड्रेनेज व्यवस्था सुधारने और पानी की व्यवस्थित निकासी न होने की वजह से विशेष कर बरसात के मौसम में जल भराव होने से कीचड़ हो जाने की वजह से यहां आने वाले मरीजों और परिजनों को होने वाली असुविधाओं की समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया था। जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने त्वरित रूप से मौके पर मौजूद जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ श्री यजुवेंद्र कोरी को यहां की ड्रेनेज व्यवस्था सुधरवाने नाली निर्माण आदि कार्य करवाने के निर्देश दिए थे। शनिवार को भ्रमण पर उमरियापान पहुंचते ही कलेक्टर श्री तिवारी ने सबसे पहले अस्पताल ड्रेनेज व्यवस्था सुधार कार्य की प्रगति के बारे में पूछताछ किया और इसके कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बी एम ओ डाक्टर बीके प्रसाद ने बताया कि कलेक्टर सर के निर्देश पर कार्य जारी है। इसके लिए नाली खोदकर पाइप बिछाकर इसे मुख्य नाली से जोड़ने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। वहीं सीईओ श्री कोरी ने बताया कि नाली की खुदाई पूरी हो चुकी है,4-5 दिनों के भीतर ही पाइप बिछाने का कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## नगर को स्वच्छ रखने चलाया गया विशेष सफाई अभियान

**कटनी।** नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने तथा नागरिकों के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा निरंतर सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में रविवार को नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों सहित जिला चिकित्सालय परिसर में व्यापक सफाई अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत सफाई मित्रों की दलेल के माध्यम से जिला चिकित्सालय के मुख्य प्रवेश द्वार, वार्डों के बाहरी क्षेत्र, पार्किंग स्थल के पास सहित परिसर के विभिन्न स्थलों , पहुंच मार्गों की व्यवस्थित सफाई कराई का कार्य किया गया। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि शहर के मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों की सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सफाई कराई जा है। इसी उद्देश्य से सफाई दल वार्डों का नियमित निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार कार्रवाई कर रहा है।

## 19 नवंबर को बंजारी और मझगवां में लोक सुनवाई

**कटनी।** विजयराघवगढ़ से कैमोर तथा बरही बायपास निर्माण के लिए कटनी के तहसील विजयराघवगढ़ के अन्तर्गत ग्राम बंजारी, मझगवां, गौरहा एवं कलहरा तथा तहसील बरही के ग्राम खन्ना बंजारी, बरही एवं बुजबुजा की जमीनों का अर्जन किया जाना है। इसके लिये कलेक्टर आशीष तिवारी ने इन सभी ग्रामों में लोकसुनवाई हेतु अपर कलेक्टर एवं जिला भू-अर्जन अधिकारी नीलांबर मिश्रा को नियुक्त किया है। भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम, 2013 की धारा 5 के प्रावधान तहत सामाजिक समाघात निर्धारण के लिये परियोजना से प्रभावित क्षेत्रों व ग्रामों में लोकसुनवाई शिविर का आयोजन किया जायेगा। साथ ही प्रभावित ग्रामों के सभी जनसामान्य से जन सुनवाई हेतु निर्धारित की गई तिथि पर उपस्थित होकर परियोजना हेतु तैयार की जा रही सामाजिक समाघात प्रतिवेदन रिपोर्ट एवं सामाजिक समाघात प्रबंध योजना पर अपना अभिमत प्रस्तुत करने का आग्रह किया है। ताकि सामाजिक समाघात निर्धारण प्रतिवेदन एवं सामाजिक समाघात प्रबंध योजना का अवलोकन कार्यालय कलेक्टर की भू-अर्जन शाखा में किया जा सके। जारी अधिसूचना के अनुसार तहसील विजयराघवगढ़ केग्राम पंचायत बंजारी में 19 नवंबर प्रातः 11 बजे, ग्राम मझगवां के आंगनबाड़ी भवन में 19 नवंबर अपरान्हे 2 बजे,ग्राम पंचायत गौरहा में 20 नवंबर प्रातः 11 बजे एवं ग्राम पंचायत कलहरा में 20 नवंबर अपरान्हं 2 बजे जनसुनवाई आयोजित की गई है। इसी प्रकार तहसील बरही के ग्राम पंचायत भवन खन्ना बंजारी में 21 नवंबर प्रातः 10 बजे, ग्राम पंचायत बरही में 21 नवंबरदोपहर 12 बजे एवं ग्राम बुजबुजा में 21 नवंबर अपरान्ह 2 बजे लोक सुनवाई का आयोजन किया जायेगा।

## लोकगीत, नृत्य व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**कटनी।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रीठी अध्ययन केंद्र में कक्षा संचालन के साथ-साथ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती का आयोजन किया गया। विकासखंड समन्वयक जगह सिंह मसराम व समाजसेवी अनिल यादव व प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता के आयोजन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में सर्वप्रथम जनजातीय संस्कृति पर स्वाति ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर प्रथम स्थान व श्रीमती काशी विश्वकर्मा द्वतीय स्थान पर रही। गायन में छात्रा मीनू प्रधान प्रथम व अंजू बर्मन द्वतीय एवं भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष के महेश बर्मन प्रथम व प्रथम वर्ष के छात्र अतुल बेन द्वतीय स्थान पर रहे। उद्बोधन में परामर्शदाता अरुण तिवारी ने बताया कि बाल्यकाल से ही भगवान बिरसा मुंडा प्रतिभा के धनी थे, उन्होंने शुरू से ही अंग्रेजों के विरुद्ध आंदोलन व जनजातीय समाज के हक व अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी। समाज के लिए सेवाभाव व संकटकाल में एक मसीहा के रूप में कार्य किया। वहीं विकासखंड समन्वयक ने भी उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

### 11.25 करोड़ का प्राक्कलन भेजे जाने के बाद भी अधर में लटका कार्य, आवागमन में फजीहत

# दो साल पहले बाढ़ में ढह गया था पुल, आज तक प्रारंभ नहीं हो सका कार्य, जोखिम उठाकर हो रहा आना-जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम सगवां और लालपुर के बीच दतला नाला पर नया पुल निर्माण कराने के लिए 11 करोड़ 25 लाख रुपये का प्रथम स्तरीय प्राक्कलन तैयार कर लोक निर्माण विभाग सेतु परिक्षेत्र भोपाल को भेजा गया था, लेकिन हैरानी की बात है कि आज तक इस पर काम शुरू नहीं हो सका है। इस कारण आसपास के गांवों के लोगों को अब भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### भेजा जा चुका है प्रस्ताव

दो साल पहले दतला नदी पर बना पुराना पुल बारिश के तेज बहाव में क्षतिग्रस्त होकर बह गया था।ग्रामीणों की परेशानी देखते हुए तत्कालीन कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री शारदा सिंह को निर्देश दिए थे कि गोपालपुर – सगवां – सिलौड़ी मार्ग के किलोमीटर 1/8 पर दतला नाला पर नया पुल निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार किया जाए।निर्देशों के पालन में 11.25 करोड़ रुपये का विस्तृत प्रस्ताव बनाकर भोपाल मुख्य अभियंता को भेजा गया । तैयार किए गए प्राक्कलन के अनुसार, नया पुल 150 मीटर लंबा और दतला नाला के तल से 7 मीटर ऊंचा होगा । इसके साथ 300 मीटर लंबा पहुंच मार्ग भी प्रस्तावित है । पुल निर्माण पर अनुमानित खर्च 9 करोड़ रुपये, पहुंच मार्ग निर्माण 75 लाख रुपये, भू-अर्जन 1 करोड़ रुपये यूटिलिटी व शिफ्टिंग कार्य 50 लाख रुपये इस पुल के बनने से सगवां, लालपुर, गोपालपुर, सिलौड़ी और आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को वर्षभर सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

### पुल टूटने से ग्रामीणों का लगाना पड़ रहा लंबा चक्कर

ग्रामीणों का कहना है कि यह पुल काफी पुराना था, जिसकी साल 2017 में मरम्मत तत्कालीन ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण के दौरान की गई थी। उस समय ही ग्रामीणों ने कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे, लेकिन शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया गया। नतीजा यह हुआ कि कुछ ही वर्षों में पुल फिर से टूट गया । अब पुल के टूटने से लोगों को मजबूरन सिलौड़ी की ओर से लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। बरसात के दिनों में तो स्थिति और भी विकट हो जाती है गांवों के बीच संपर्क टूट जाता है, बच्चों को स्कूल, मरीजों को अस्पताल और किसानों को बाजार तक पहुंचने में भारी दिक्कतें होती हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि पुल के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ किया जाए । 2017 में हुई मरम्मत में हुई गड़बड़ी की जांच कर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाए। क्षेत्र में आवागमन की समस्या को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए पुल निर्माण को प्राथमिकता दी जाए । दतला नाला पुल का निर्माण प्रस्ताव तैयार हुए कई वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हो सका। जब तक इस परियोजना पर ठोस कदम नहीं उठाया जाता, तब तक ग्रामीणों की परेशानी कम होने वाली नहीं है।

### कई गांवों का आवागमन प्रभावित

गौरतलब है कि ढीमरखेड़ा के सगवां और लालपुर गांव के बीच लाखों रुपये की लागत से बना पुल बीते साल बारिश के तेज बहाव में बह गया । दो साल का समय बीत जाने के बाद पुल की मरम्मत कराई गई न ही नवीन पुल का निर्माण शुरू कराया गया। ऐसे में क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में सालभर से खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुल के निर्माण न होने से सिलौंडी क्षेत्र के दर्जनों गांवों का आवागमन प्रभावित हो गया है। दरअसल,ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के सगवां और लालपुर गांव के बीच लभेर नदी में लाखों रुपये की लागत से सालों पहले लोक निर्माण विभाग के द्वारा पुल का निर्माण कराया गया था। साल 2023 की बरसात के महीने में तेज बारिश के कारण पुल ढह गया। पुल के समीप की मिट्टी भी धसकने लगी। दो भागों में कटे पुल का आकार साल भर में बढ़ गया। पुल के ढह जाने के बाद ग्रामीणों को आवागमन बाधित हो गया। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक परेशान है। वाहनों का आवागमन भी बंद है।

सगवां और लालपुर के बीच लभेर नदी के पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद ग्रामीणों को दूसरे रास्ते से सफर करना पड़ता है। वहीं स्कूली बच्चों को भी स्कूल जाने में जान जोखिम में डालकर नदी पार कर जाना पड़ता है। गांव के कुछ लोग भी नदी से होकर आवागमन करते है। ऐसे में कभी भी कोई हादसा हो सकता है।

## नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों में मिलेगी छूट

**कटनी।** आगामी 13 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों में छूट प्रदान की जावेगी। जिसमें निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलो वाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जाएगी। इसके अंतर्गतप्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। वहीं लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह छूट केवल लोक अदालत में समझौता करने वाले प्रकरणों में ही दी जावेगी।

*महाविद्यालय में बिरसा मुंडा की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित*

# बिरसा मुंडा एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं बल्कि एक समाज सुधारक भी थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मे बिरसा मुंडा की 150 जयंती पर शनिवार को संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन ओर माल्यार्पण से हुआ।राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। इस दौरान प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने बिरसा मुंडा के संघर्ष ओर बलिदान को याद करते हुए कहा कि वे आदिवासी समाज के अधिकारों के प्रतीक ओर ब्रिटिश शासन के खिलाफ क्रांति के नायक थे। उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ उलगुलान आंदोलन का नेतृत्व किया और भारत में जनजातीय



लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। यह दिन जनजातीय विरासत, संस्कृति और भारत के इतिहास में जनजातीय समुदायों की महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मानित करने का अवसर है।

डॉ प्रीत नेगी ने कहा कि बाल्यावस्था में ही बिरसा मुंडा ने अपने लोगों पर विदेशी शासकों और जमींदारी प्रथा के अन्यायपूर्ण व्यवहार को देखा। इस अन्याय ने उनके भीतर जनजातीय समुदाय के अधिकारों के लिए लड़ने का मजबूत संकल्प जगाया। बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि एक सामाजिक सुधारक भी थे। उन्होंने जनजातीय समाज से कुप्रथाओं, अंधविश्वासों और नशे की आदतों को हटाने के लिए काम किया। अपने अनुयायियों को एकता, शिक्षा और सत्यनिष्ठा का संदेश दिया।बिरसा मुंडा आदिवासियों के भगवान हो गए ओर उन्हें धरती आबा कहा जाने लगा।

वही डॉ प्रीति यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के आदर्श न केवल जनजातीय, बल्कि देश के सभी समुदायों के युवाओं के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत हैं।बिरसा मुंडा ने सामंती व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन किया था। उन्होंने जमींदारी प्रथा और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ एक बड़ी लड़ाई लड़ी।

इस दौरान डॉ किरण खरादी, क्रीड़ा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र जाट, डॉ भारती यादव, डॉ अनिल शाक्य, अंजना पांडेय, कमलेश चौधरी, छात्र -छात्राओं व महाविद्यालय स्टॉफ की उपस्थिति रही।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन, निकाली गई रैली




जन शिक्षण संस्थान में मंत्रालय के निर्देशानुसार भगवान बिरसा मुंडा के 150 वर्ष पूर्ण हो जाने पर वर्ष पखवाड़ा कार्यक्रम 1 से 15 नवंबर तक जन शिक्षण संस्थान में आयोजित किया गया इसमें प्रमुख रूप से संगोष्ठी का आयोजन किया गया एवं प्रतिस्पर्धाओं के अंतर्गत हेयर स्टाइल कंपटीशन आयोजित किया गया एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन जन शिक्षा संस्थान के लाभार्थियों के मध्य किया गया उपरांत रैली का आयोजन किया गया। जन शिक्षण संस्थान के निदेशक श्रीमती लाली सिंह के द्वारा यह बताया गया कि भगवान बिरसा मुंडा का 150 वन वर्ष पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इस तारतम में इसमें बहुत से आयोजन हर केदो में किया जा रहे हैं जिसमें रैली का आयोजन कंपटीशन का आयोजन एवं विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है एवं इस कार्यक्रम में संस्थान के समस्त स्टाफ एवं अनुदेशक ने अपने केंद्र पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन किया।

# तहसीलदार से अभद्र व्यवहार एवं धमकी देने पर सरपंच के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद तहसीलदार के साथ अभद्र व्यवहार एवं धमकी देने के मामले में सरपंच के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। स्लीमनाबाद तहसीलदार सारिका रावत ने लिखित पत्र 14 नवंबर को स्लीमनाबाद पुलिस को सौंपा है। उन्होंने शिकायत पत्र में उल्लेख किया है कि सरपंच बसोरीलाल यादव पिता कौराई यादव निवासी सलैयाफाटक के द्वारा प्रस्तुत शिकायत आवेदन पर 14 नवंबर 2025 को ग्राम सलैयाफाटक भूमि ख.नं. 158 रकवा 0.86 हे. एवं खसरा 160 रकवा 0.62 हे. कुल भूमि के अंशभाग शासकीय भूमि मद छोटे झाड का जंगल एवं शमसान की भूमि पर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 945/प्रवा/नातह/2025 स्लीमनाबाद 11 नवंबर 2025 के परिपालन में गठित दल के द्वारा उक्त भूमि से अनावेदक को बेदखल करने गया था। मौके पर अनावेदक की पत्नि हाथ में जहर लेकर जहर खाने की धमकी देने लगी। जिससे उक्त भूमि से अनावेदक को बेदखल करने की कार्यवाही नहीं की जा सकी। मौके पर पुलिस प्रशासन उपस्थित नहीं था।

14 नवंबर को दोपहर लगभग 2 बजे सरपंच बसोरीलाल ने तहसील कार्यालय में आकर समस्त स्टाफ के सामने महिला तहसीलदार से बेहद अभद्र भाषा में बात की एवं धमकी दी। शिकायती पत्र में उक्त बातों का उल्लेख करते हुए महिला तहसीलदार ने कहा की जिस समय यह घटना हुई उस समय वहां अतिरिक्त महिला रीडर एवं तीन अन्य कर्मचारी मौजूद थे। घटना के समय महिला तहसीलदार के अलावा पटवारी अजय मार्को, रीडर सोनल मिश्रा, सर्वेश मिश्रा, दुर्गेश बर्मन एवं निजि आपरेटर उपस्थित था।

### सरपंच पर मामला दर्ज

थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुवन ने बताया कि तहसीलदार स्लीमनाबाद सारिका रावत के शिकायत पत्र के आधार पर ग्राम पंचायत सलैया फाटक सरपंच बसोरी लाल यादव उर्फ आफतलाल यादव पिता कौराई यादव के खिलाफ धारा 221, 351 (2), 3 (1) द.3 (2) बीएनएस का मामला पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

*महापौर ने सीवरेज की पाइप लाइन विस्तार एवं रेस्टोरेशन कार्य का किया निरीक्षण, दिये निर्देश*

# रेस्टोरेशन कार्य में कमी मिलने पर जताई नाराजगी, कहा- गुणवत्ता से समझौता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कटाये घाट मोड़ से बरगवा तक जारी सीवरेज योजना के तहत पाइप लाइन विस्तार के कार्यों का विस्तृत स्थल निरीक्षण किया। महापौर ने कंपनी के प्रतिनिधियों से कार्य की प्रगति, वर्तमान स्थिति और पूर्णता की समय-सीमा संबंधी जानकारी ली। प्रतिनिधियों ने बताया कि अगले दस दिनों में सीवरेज कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

महापौर सूरी ने स्पष्ट कहा कि सीवर लाइन डालने के बाद रेस्टोरेशन और रोड निर्माण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता के साथ तेज़ गति से शेष कार्य पूरा करने के



निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क और जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों में देरी या त्रुटि सीधे नागरिकों को प्रभावित करती है, इसलिए गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है।

निरीक्षण के दौरान महापौर सूरी माधव नगर कैंप, जोधाराम गेट के पास शनि चौक पहुँचीं जहाँ उन्होंने हाल ही में किए गए रेस्टोरेशन कार्य का भी निरीक्षण किया। कार्य संतोषजनक न मिलने पर उन्होंने नाराज़गी व्यक्त करते हुए पुनः सही तरीके से रेस्टोरेशन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधूरे या खराब गुणवत्ता वाले कार्य किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होंगे।

महापौर ने स्थानीय निवासियों द्वारा लंबे समय से उठाई जा रही सड़क पर जलभराव की समस्या का भी स्थल निरीक्षण किया। क्रॉस-ड्रेन न होने से उत्पन्न समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थायी समाधान हेतु क्रॉस-ड्रेन निर्माण का विस्तृत एस्टिमेट तैयार कर प्रस्तुत किया जाए।

### बेहतर शहरी सुविधाओं की दिशा में निरंतर प्रयास

नगर निगम लगातार सीवरेज परियोजनाओं, रेस्टोरेशन कार्यों तथा नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहा है। महापौर ने कहा कि शहरवासियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है, और इसी उद्देश्य से सभी कार्यों की नियमित समीक्षा और निरीक्षण किए जा रहे हैं।

### कलेक्टर ने कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश, सहयोग के लिए लें मदद

# गांवों में पहुंचकर बीएलओ के कार्यों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने विकासखंड ढ़ीमरखेड़ा के भ्रमण के दौरान विधानसभा क्षेत्र बड़वारा के ग्राम पान उमरिया, बिहरिया और ठिर्री पहुचकर बूथ लेवल अधिकारियों से निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया और ग्रामीणों तथा मतदाताओं से चर्चा कर इस कार्य में बीएलओ के साथ सहयोग करने की बात कही।

कलेक्टर श्री तिवारी ने उमरियापान के झंडा बाजार में मतदान केन्द्र क्रमांक 180 के बीएलओ सुभाषचन्द्र गुप्ता को कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। वहीं मतदान केद्र क्रमांक 182 के बीएलओ सुदामा दुबे, जुबेदा बी का विवरण बीएलओ ऐप में डिजिटाइज करते मिले। इस मौके पर मौजूद



बीएलओ सुपरवाईजर दिलीप वाजपेयी मौजूद रहे। कलेक्टर ने मतदान केन्द्र क्रमांक 183 के बीएलओ रामनारायण पटेल और मतदान केन्द्र क्रमांक 187 के बीएलओ शिव कुमार मरावी और मतदान केन्द्र क्रमांक 211 के बीएलओ श्रवण पटेल से भी गांव में औचक पहुंचकर गहन पुनरीक्षण कार्य में अब तक किये गये कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

### समन्वय से करें कार्य

इसके बाद कलेक्टर ने ढ़ीमरखेड़ा एसडीएम कार्यालय में बीएलओ के साथ बैठक के दौरान एसडीएम और जनपद पंचायत के सीईओ एवं तहसीलदार को एसआईआर के कार्य में जुटकर आपसी समन्वय से कार्य करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर बीएलओ के सहयोग के लिये पटवारी, सचिव और जीआरएस की भी मदद लें।

**हैंडपंप में नहा रहे बच्चों से कलेक्टर ने पूछा स्कूल जाते हो..**

आयुष्मान आरोग्य मंदिर बिहरिया ढ़ीमरखेड़ा का औचक निरीक्षण करने के बाद बाहर निकले कलेक्टर को हैण्डपम्प में दोपहर को नहा रहे 3 बच्चे दिखे। जब कलेक्टर ने बच्चों से पूछा- स्कूल जाते हो। बच्चों ने बताया कि हां, वो एकीकृत माध्यमिक शाला बिहरिया में पढ़ने जाते हैं। इन बच्चों में अनुराग कक्षा 4 और पवन सिंह ठाकुर एवं धनराज सिंह कक्षा 6 में पढ़ते हैं। कलेक्टर ने छात्रों से पूछा खेलने कहां जाते हो। इस पर बच्चों ने कहा कि गांव में मैदान है। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई के विषय में भी पूछा और कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ाई करिये।

### आरोग्य मंदिर का निरीक्षण

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत के बिहरिया के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पहुंचकर औचक निरीक्षण किया और अनमोल पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं के पंजीयन और यूविन एप पर टीकाकरण के डाटा का अवलोकन किया। इस दौरान सीएचओ दीपक कुमार रजक और प्रभारी स्वेता मल्होत्रा ने बताया कि हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच होती है। सरपंच छवि गौतम ने आरोग्य मंदिर से बेहतर स्वास्थ्य सेवायें मिलने की जानकारी कलेक्टर को दी।



# सप्त शक्ति कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

सरस्वती शिशु मंदिर बड़वारा में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती शीला सिंह जिला पंचायत सदस्य बड़वारा विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती ज्योति विनय दीक्षित, पूर्व पार्षद समाज सेविका कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में श्रीमती सुनैना सिंह सरपंच ग्राम पंचायत बड़वारा सेवा में शहीद होने वाले सैनिक राम कृपाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या बाई पटेल का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, संयोजक अंशुल सोनी, भूतपूर्व सैनिक संतोष कुमार दुबे, जिला समन्वय दिलीप कुमार चतुर्वेदी, संकुल कैलवारा से अजय गर्ग , मनोज गुप्ता प्रधानाचार्य राजेश कुमार दुबे ,रामलाल नामदेव, श्रीमती मनीषा दुबे, राकेश निगम कार्यक्रम संचालक कुमारी संध्या सोनी ,कुमारी प्रिया निगम ,कुमारी सोनाली सोनी, संदीप बर्मन, श्रीमती डॉली सिंगर एवं श्रीमती शीलू कोरी का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### रॉयल चिल्ड्रन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल अमानगंज के शिक्षकों का शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न

**अमानगंज।** रॉयल चिल्ड्रन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल अमानगंज के शिक्षकों का शैक्षणिक भ्रमण बड़े व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ। विद्यालय प्रबंधन के निर्देशन में आयोजित इस भ्रमण का उद्देश्य शिक्षकों को पुरातत्व एवं दार्शनिक स्थानों का भ्रमण किया जिसमें चौमुखनाथ पुरातत्व मंदिर ,जैन मंदिर, मधेश्वर ओर आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण शिक्षकों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए आवश्यक हैं।

### बरौंहा गांव की युवती लापता, गुम इंसान दर्ज

**अमानगंज।** ग्राम बरौंहा निवासी मकुंदी पिता शंकरा आदिवासी (45) ने थाने में अपनी पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट क्रमांक 102/25 के अनुसार सीमा आदिवासी उम्र 22 वर्ष निवासी बरौंहा, 11 नवंबर 2025 को घर से अमानगंज बाजार जाने निकली थी, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा इधर-उधर खोजबीन के बावजूद युवती का सुराग नहीं लगा। पुलिस ने गुम इंसान दर्ज कर सीमा की तलाश शुरू कर दी है।

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमकेगा पन्ना डायमंड- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हीरा नगरी पन्ना जिले के हीरे को भारत सरकार द्वारा जीआई (ज्योग्रोफिकल इंडिकेशन) टैग मिलना सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है। इससे पन्ना डायमंड अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमकेगा और पन्ना के युवाओं तथा कारीगरों को स्थानीय स्तर पर नए अवसर मिलेंगे। पन्ना जिले के हीरे सर्टिफाइड और प्रीमियम प्राकृतिक उत्पाद के रूप में विश्व बाजार में उपलब्ध होंगे और पन्ना के इन प्राकृतिक हीरों को ही पन्ना डायमंड के नाम से बेचा जा सकेगा।

### जनअभियान परिषद द्वारा मनाई गई भगवान बिरसा मुण्डा जयंती

**पन्ना।** जनअभियान परिषद की नवांकुर संस्था श्री प्राणनाथ जी सोशल वेलफेयर ऑर्गनाईजेशन के तत्वाधान में बिरसा मुण्डा की जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में जिला समन्वयक अनीता जाटव सहित विवेक पाण्डेय, समिति के अध्यक्ष विनय, कोषाध्यक्ष अमन कुमार, सचिव शुभम शर्मा एवं अतुल सहित प्रस्फुटन समिति के सदस्यगण उपस्थित थे। इस मौके पर 15 से 30 नवम्बर तक संचालित होने वाले जल संरक्षण अभियान विषय पर चर्चा कर जल संरक्षण की शपथ भी ली गई।

---

गणना में चलेगा पता टाइगर रिजर्व के जंगल में मौजूद हैं कितने बाघ, वर्ष 2022 में मध्यप्रदेश को मिला था टाइगर स्टेट का दर्जा

# रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघ गणना शुरू, वन क्षेत्रों में लगाए गए 1100 ट्रैप कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



प्रदेश के अन्य टाइगर रिजर्व सहित वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में भी बाघ गणना का कार्य शुरू हो गया है पहले चरण में शनिवार 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक यह गणना चलनी है इस गणना आज तीसरा दिन है जिसमें 300 ग्रिड काम होगा इसमें मोहली झापन सिंहपुर और कुछ हिस्सा नौरादेही का शामिल हैं दूसरे चरण में 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक ब्लॉक के 250 ग्रिड में काम होगा इसमें डोंगरगढ़ सर्रा और बाकी बचा नौरादेही का हिस्सा होगा इसके लिए 1100 ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं कैमरा ट्रैप लगाने के लिए विशेष टीम तैनात की गई है इन कैमरों की निगरानी के लिए स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों को भी तैनात किया गया है साथ ही बाघों के साथ तेंदुआ जंगली हाथी भारतीय बायसन जीवों की गिनती भी होगी अभी वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में 28 से अधिक बाघों की संख्या है और तेंदुआ 50 से अधिक बताएं जा रहे हैं जबकि वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व भेड़ियों का सबसे बड़ा घर है यहां पर एक हजार से भी अधिक भेड़ियों का निवास और विचरण क्षेत्र है वहीं नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अर्थोरिटी (एनटीसीए) की पहली आधुनिक कैमरा ट्रैप आधारित गणना वर्ष 2006 में हुई थी इसके बाद हर 4 साल में बाघों की गणना की जाती है वन विभाग के अनुसार 2014 में प्रदेश में 308 बाघ थे जो कि 2022 में बढ़कर 785 हो गए प्रदेश की बाघ वृद्धि दर 12.12 फीसदी रही है जो राष्ट्रीय औसत 6-7 फीसदी से लगभग दोगुनी है वन विभाग के अधिकारियों का अनुमान है कि इस बार बाघों की संख्या 1000 से अधिक होगी और देश-दुनिया में मध्यप्रदेश बाघों का सबसे बड़ा घर होगा।

### कैमरा ट्रैप विधि सबसे विश्वसनीय

कैमरा ट्रैप विधि को बाघ गणना का सबसे विश्वसनीय तरीका माना जाता है। इस विधि से बाघों के शरीर पर बनी विशिष्ट धारियों के आधार पर उनकी पहचान की जाती है। ये कैमरे 24 घंटे सक्रिय रहकर बाघों और अन्य वन्यजीवों की गतिविधियों को रिकॉर्ड करेंगे कैमरों से प्राप्त होने वाले डेटा के आधार पर न केवल बाघों की संख्या का सटीक अनुमान लगाया जा सकेगा, बल्कि उनके व्यवहार, मूवमेंट और निवास क्षेत्र को समझने में भी मदद मिलेगी यह पहल बाघ संरक्षण को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है

### स्वदेशी बैटरी का इस्तेमाल

इस बार कमरे में स्वदेशी बैटरी का इस्तेमाल किया जा रहा है। कैमरे में लगाई जाने वाली जीटी अल्ट्रा गोदरेज कंपनी की बैटरी है, जिसकी क्षमता एक महीने से ज्यादा की है। एक ही स्थान पर कैमरे 25 दिन के लिए लगाए जाते हैं। लिहाजा इस बैटरी पर पूरा भरोसा किया जा सकता है। हालांकि कैमरा ट्रैपिंग के दौरान कैमरों की निगरानी का काम भी लगातार होगा

### एक दिसंबर से होगा चिह्न संग्रहण

कैमरा ट्रैपिंग का काम शुरु होने के बाद एक दिसंबर से जंगल में गणना अभियान के तहत चिह्न संग्रहण काम शुरु होगा। इसके लिए वन कर्मचारी अपनी बीट की ट्रांजिट लाइन पर चलेंगे और वन्य प्राणियों के चिह्नों का संग्रहण करेंगे। प्राप्त किए जाने वाले चिह्नों की जानकारी एम स्ट्राइप ऐप में दर्ज की जाएगी। इसमें वन्य प्राणियों के पगमार्क, उनकी विष्टा, वृक्ष पर बनाए जाने वाले खरोंच के निशान और प्रत्यक्ष रूप से दिखाई देने वाले वन्य प्राणी शामिल किए जाते हैं।

### कुल 28 बाघ

बता दें कि वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में 2019 से अब तक का सफर एक सफल प्रोजेक्ट की मिसाल बन चुका है। एन-1 ने तीन बार शावकों को जन्म दिया जिसमें पहली बार में मई 2019 में तीन शावकों को दूसरी बार नवंबर 2021 में 4 शावकों और जो अब फोटो निकल कर सामने आई है जिसमें तीन शावक साथ में घूम रहे हैं जहां शावकों की उम्र 7 से 8 माह लग रही है जो मार्च व अप्रैल में जन्में हो सकते हैं वहीं एन-111 ने मई 2023 में चार शावकों जन्म दिया था। वहीं एन-112 ने नवंबर 2023 में पहले लिटर और मई 2025 में दूसरे लिटर में कुल 8 शावकों को जन्म दिया है। इस तरह अब कुल बाघों की संख्या 28 हो चुकी है, जिसमें प्राकृतिक जन्म से बढ़ोतरी के साथ साथ प्रदेश के अन्य टाइगर रिजर्व से लाए गए बाघ बाघिन भी शामिल हैं।

### इनका कहना है

टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ एए अंसारी ने बताया कि बाघ गणना का कार्य शुरू हो गया है और निगरानी के लिए अधिकारी कर्मचारी तैनात हैं रिजर्व में इस बार बाघों की संख्या बढ़ने की शुभ संकेत गणना में मिल सकते हैं।
डॉ एए अंसारी डिप्टी डायरेक्टर वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व

---

# एसआईआर को लेकर कांग्रेस की कार्यशाला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

गहन मतदाता पुनरीक्षक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश में शुरू एसआईआर अभियान के लिए रविवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष मानक पटेल के मार्गदर्शन में संभागीय प्रभारी प्रशांत पाठक,जिला प्रशिक्षण प्रभारी संजय पटेरिया, जिला प्रभारी लालचंद राय एवं जिला महामंत्री प्रदीप पटेल की उपस्थित में बूथ लेवल बीएलए का हटा में महत्वपूर्ण प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्रत्येक बीएलए को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए कि वे यह सुनिश्चित करें कि हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जुड़े और कोई भी योग्य मतदाता मतदान से वंचित न रहे। कांग्रेस के संभागीय प्रभारी प्रशांत पाठक ने कहा कि एसआईआर में 2003 की मतदाता सूची को आधार मानकर जांच की जा रही है जिसके कारण 2003 के बाद जिनकी शादी हुई है, उन बहुओं को अपने मायके से पूर्व मतदाता सूची से बूथ क्रमांक और सरल क्रमांक लेना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार जिनका निवास बदल गया है या अन्य राज्य में निवासरत थे उन्हें भी उस राज्य से जानकारी लेनी पड़ेगी जो कठिन प्रक्रिया है। इससे ऐसा लगता है कि निर्वाचन आयोग निम्न तबकों के लोगों को मतदान से वंचित करना चाहता है।

अंत में कांग्रेस के पदाधिकारीयों ने सभी से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी जनमानस को मतदाता सूची संबंधी कोई भी परेशानी आ रही हैं तो हमारे बीएलए से संपर्क करे ताकि वह आपकी सहायता कर सकें।

---

# भाग्य की कथा ही भागवत है- पं विपिन बिहारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

झलौन ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोहची में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाली गई कथा वाचक पंडित विपिन बिहारी दास ने आध्यात्मिक ज्ञान, जीवन-उपयोगी संदेशों तथा सामाजिक चेतना से भरपूर प्रवचन प्रस्तुत किए। विश्व में कड़वे प्रवचन की देन है तो यह गौहची ग्राम है सत्य कहने की ताकत हर किसी में नहीं होती अपनी विशेष शैली के लिए विख्यात पंडित विपिन बिहारी दास ने कहा कि "नकटी के काम का सोना नहीं होता, और कपटी के काम का सत्संग नहीं होता।" सत्य कहने की ताकत हर किसी में नहीं होती, इसलिए सही बोलने से पहले सही सुनने की योग्यता का होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सत्संग वह माध्यम है जो मनुष्य को सीधे भगवान से जोड़ता है। भागवत पुराण मनुष्य को जीवन का सार समझाती है और सत्संग के प्रभाव से मन स्वच्छ, शांत और सकारात्मक बनता है। पंडित जी ने कहा कि संसार में चार प्रकार के लोग पाए जाते हैं— जिनका समाज में सम्मान है परंतु भगवान के यहां नहीं, जिनका भगवान के यहां सम्मान है पर समाज में नहीं, जिनका न समाज में सम्मान है और न भगवान के यहां, और वे विरले लोग जिनका सम्मान समाज में भी है और भगवान के यहां भी। उन्होंने इन वर्गों को चार श्रेणियों से जोड़ा—धनवान, भजन करने वाले, स्वार्थी-शराबी तथा वे दुर्लभ लोग जिनके पास धन और धर्म दोनों हैं। पंडित जी ने जीवन के गूढ़ संदेश देते हुए कहा कि इंसान जो बनता है वह मिट जाता है, किंतु ईश्वर जो बनाता है वह शाश्वत रहता है। भागवत का अर्थ समझाते हुए उन्होंने बताया कि यह चार शब्दों से निर्मित है— भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त से त्याग। इन्हीं तत्वों से जीवन का वास्तविक भाग्य निर्मित होता है, इसलिए भागवत को "भाग्य की कथा" भी कहा गया है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि जीवन में नकलीपन छोड़कर स्वभाव की वास्तविकता अपनाएं। मेहनत करने वाला कभी हारता नहीं, इसलिए परिश्रम से विमुख न हों। कठिन समय में धन से अधिक परिवार साथ देता है, इसलिए परिवार को जीवन की मुख्य शक्ति मानना चाहिए। पवित्रता, सत्य और सेवा—ये तीन तत्व जीवन को सफल बनाते हैं। पहले दिन की कथा में मुख्य यजमान रामप्रसाद श्रीमती ताराानी यादव है गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। वातावरण भक्तिमय भजनों और हरिनाम संकीर्तन से गुंजायमान रहा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से कथा के अगले दिनों में भी सम्मिलित होकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करने की अपील की।

---

# धूमधाम से मनाया सप्तशक्ति संगम

### सैकड़ों मातृशक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार




सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल बांदकपुर में रविवार को 'सप्तशक्ति संगम' कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम की सैकड़ों माता-बहनों ने उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृशक्तियों द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती अर्चना गुप्ता (शासकीय प्राचार्य) ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती सुनीता डबुल्या उपस्थित रहीं। प्रस्तावना का वाचन श्रीमती शिल्पा सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में बहन खुशी नेमा ने आकर्षक कत्थक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं कृतिका लखेरा ने सरस्वती वंदना पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित मातृशक्ति ने सराहा। मुख्य वक्ता श्रीमती सुनीता डबुल्या ने अपने उद्बोधन में संघ के पंच परिवर्तनों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला तथा समाज में महिलाओं की भूमिका को प्रमुखता से रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि "शिक्षित महिला ही शिक्षित समाज का मार्ग प्रशस्त करती है। कार्यक्रम का संचालन बहिन द्रोपती ठाकुर ने सुगठित रूप से किया, जबकि आभार प्रदर्शन श्रीमती यशवंती कुररिया ने किया। कार्यक्रम का समापन श्रीमती शिल्पा सिंह ठाकुर द्वारा कल्याण मंत्र के साथ किया गया, जिसके बाद पूरे परिसर में सकारात्मकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण महसूस किया गया। सप्तशक्ति संगम का यह आयोजन सांस्कृतिक, वैचारिक और सामाजिक जागरण का प्रेरक स्वरूप बनकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

---

# मनोरंजक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**दमोह।** बाल दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में असाटी महिला समिति द्वारा वार्ड नंबर 1 स्थित संस्कार भवन में विविध मनोरंजक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने आकर्षक परिधानों और आत्मविश्वास भरी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। छोटे बच्चों के मनमोहक गेट-अप और सहज अभिनय पर संस्कार भवन तालियों से गूंज उठा। इसके बाद बच्चों के लिए रोमांचक सरप्राइज रिंग गेम आयोजित हुआ, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का अगला आकर्षण म्यूजिकल पिलो गेम रहा, जो बच्चों में उल्लास और हंसी का खुशनुमा माहौल लेकर आया। तत्पश्चात आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी बुद्धिमत्ता और तत्परता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। सभी प्रतियोगिताओं के उपरांत बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम के सफल आयोजन में असाटी समाज की बहनों, मार्गदर्शक मंडल एवं संरक्षक मंडल की गरिमामय उपस्थिति और सहयोग उल्लेखनीय रहा।

---

# संघ शताब्दी वर्ष पर हुआ सप्तशक्ति कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूर्ण होने पर स्थानीय विद्यालय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिण्डोरिया में सप्तशक्ति महिला संगम का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मंजू ठाकुर (पालक अधिकारी जिला दमोह ) सरस्वती शिक्षा परिषद जबलपुर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती अपर्णा पटैल ( समाज सेवी ) , मुख्यवक्ता श्रीमती भावना दुवे ( जिला संयोजिका सप्तशक्ति संगम दमोह ) सहसंयोजिका श्रीमती विभा पलनीटकर ( जिला सह संयोजिका सप्तशक्ति संगम दमोह ) वक्ता श्री मती रोशनी चौरसिया (बाल कल्याण समिति दमोह ) मंच पर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की दीदी श्रीमती कल्पना चौरसिया ने किया। मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया । मुख्य अतिथियों का स्वागत श्रीमती रश्मि सोनी,साधना श्रीवास्तव दीदी तथा अतिथियों का परिचय श्रीमती कल्पना चौरसिया दीदी जी द्वारा किया गया। इस उपलक्ष्य में कार्यक्रम की प्रस्तावना श्री मती विभा पलनीटकर दीदी (जिला सह संयोजिका सप्तशक्ति संगम दमोह )द्वारा दी गई तथा श्री मती रोशनी चौरसिया द्वारा कुटुम्बप्रबोधन एवं श्री मती भावना दीदी पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टि के संबंध में उन्होंने महिलाओं को जागरूक किया तथा श्रीमती मंजू दीदी द्वारा भारत के विकास में नारी की भूमिका कैसे रहेगी इसका व्याख्यान उन्होंने किया। इस कार्यक्रम में लगभग 200 से अधिक महिलाएं शामिल हुई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को कैसे सशक्त किया जाए महिलाएं भी आगे बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रश्नउत्तरी का आयोजन किया गया तथा जिन माता ने भाग लिया उन्हें पुरस्कृत किया गया । जिसका संचालन श्रीमती भावना दीदी और मंजू ने किया। कार्यक्रम मे रानी लक्ष्मी बाई, अहिल्या बाई होल्कर, पन्ना धाय, सीता माता, रानी दुर्गावती, राष्ट्पति द्रौपदी मुर्मू की झांकी तैयार हुए कार्यक्रम का आभार कल्पना दीदी जी द्वारा किया गया।

---

# विहिप बजरंग दल ने मनाई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती



**सिंग्रामपुर।** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम सिग्रामपुर प्रखंड के रानी दुर्गावती प्रांगण में आयोजित हुआ, जहां कार्यकर्ताओं ने साफ–सफाई कर रानी दुर्गावती की प्रतिमा का माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री शम्भु विश्वकर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, उनके समाज जागरण, जनजातीय अधिकारों की रक्षा तथा विदेशी प्रभावों के विरोध में किए गए संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने मात्र 15 वर्ष की आयु में धार्मिक एवं सांस्कृतिक अस्मिता को बचाने हेतु अपना अभियान शुरू कर दिया था। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय योद्धाओं का अहम योगदान रहा है और भगवान बिरसा मुंडा इनमें सर्वोच्च नायकों में गिने जाते हैं। उनका बलिदान पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणा स्रोत है, और जनजातीय समाज आज भी उन्हें देव स्वरूप मानकर उनकी जयंती श्रद्धा के साथ मनाता है।

दमोह जिले के विभिन्न प्रखंडों में विश्व हिंदू परिषद द्वारा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती जनजातीय बंधुओं की उपस्थिति में मनाई गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला मंत्री शम्भु विश्वकर्मा, सहमंत्री सुरेंद्र राय, जिला संयोजक गोलू चौबे, बाल उपासना प्रमुख रोहित बाल्मीकि सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जबेरा प्रखंड से प्रखंड अध्यक्ष लीलाधर तिवारी, उपाध्यक्ष राजू ठाकुर, मंत्री राजकुमार रजक, सहसंयोजक ऋतिक नामदेव तथा स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भी आयोजन में सहभागिता निभाई।

### बाल विवाह रोकने का संकल्प लिया

**हिण्डोरिया।** आदिवासी बाहुल्य गाँव मोहली में राष्ट्रीय गौरव एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा जी की जयंती मनाई गई। साथ ही बाल विवाह जैसी व्याप्त सामाजिक कुरीति को रोकने का सामूहिक संकल्प भी इस बैठक में लिया गया। बैठक का संचालन संकल्प संस्था दमोह के सक्रिय कार्यकर्ता सुजात खान ने किया। बैठक में आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन एवं उनके आजीविका के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई । एवं इनके समाधान की कार्य योजना भी बनाई गई। बैठक में वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने सरकार व्दारा संचालित अभियान मे आगे आने की अपील भी ग्रामीणों से की गई। बैठक में मालती बाई आदिवासी, शरदाबाई आदिवासी, लक्ष्मी रानी आदिवासी, बिट्टू बाई, अंकु बाई, भूरी बाई, प्रीति गौड़, खिलान सिंह, बलराम पटेल, नारायण सिंह, मुन्ना सिंह, सोतम सिंह , हिम्मत सिंह, देव सिंह, भोला सिंह सहित अनेक ग्रामीण मुखिया साथी उपस्थित रहे।

---

# विधायक और कलेक्टर ने कदम संस्था के साथ जन्मदिन पर किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



समाजसेवा और पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल को आगे बढ़ाते हुए रविवार सुबह ठीक 10 बजे कदम संस्था द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया और कलेक्टर सुधीर कोचर ने अपना जन्मदिन पौधे लगाकर मनाया। संस्था पिछले 20 वर्षों से प्रत्येक रविवार को इसी समय पौधारोपण की परंपरा निभाती आ रही है। इस अवसर पर मोहम्मद मुस्ताक खान, विकास कोटवानी, सुदीप्ति खरे सहित अनेक गणमान्य नागरिक ने अपना जन्मदिन पर पौधारोपण किया कार्यक्रम में संस्था प्रमुख दीपक सेन ने अपने पिताजी स्वर्गीय डी.आर. सेन, पूर्व कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, सौरभ सेन, मंजू खत्री और सामाजिक कार्यकर्ता धनंजय गुंजाल के जन्मदिवस पर भी पौधारोपण किया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थितजन कदम संस्था के पारंपरिक गीत के लिए गोल घेरा बनाकर खड़े हुए और पौधे के चारों ओर सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। गीत के पश्चात अतिथियों को सम्मान पत्र वितरित किए गए।

विधायक मलैया ने संस्था के लगातार और समर्पित वृक्षारोपण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि "दिल्ली में AQI 300 से ऊपर पहुंच चुका है और 22 लाख लोग गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। ऐसे समय में हम दमोह के लोग सौभाग्यशाली हैं कि यहां वायु गुणवत्ता अभी भी बेहतर है। वृक्षारोपण से हम इसे और भी संरक्षित रख सकते हैं।"

अपने जन्मदिन पर पौधारोपण करने का अनुभव साझा करते हुए कलेक्टर कोचर ने कहा, "कदम संस्था द्वारा अपनाया गया वृक्षारोपण का तरीका मैंने पहले कहीं नहीं देखा। यहां एक ही पौधे की सतत देखभाल की जाती है, जिससे वह वृक्ष में बदल सके। जब सब लोग सर्कल बनाकर पौधे के पास खड़े थे, तो ऐसा लगा जैसे हम उस पौधे का ही जन्मदिन मना रहे हों। यह अनुभव बेहद भावुक और अविस्मरणीय रहा।" उन्होंने कहा कि जहां भी आवश्यकता होगी, वे संस्था का पूर्ण सहयोग करेंगे।

### दिल्ली बम ब्लास्ट के पीड़ितों को श्रद्धांजलि

कार्यक्रम में दिल्ली में हुए भीषण बम धमाकों में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति हेतु महामृत्युंजय मंत्र पाठ किया गया और 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर रश्मि सेन, भावना ऊमरे, मंजूलता चौबे, डॉ. प्रियंका तारण, अर्चना नेमा, वंदना नेमा, महिमा जैन, राधेश्याम नेमा, डॉ. केदारनाथ शर्मा, डॉ. राजकुमार पटेल, राहुल टंडन, हरीश पटेल, डॉ. बृजेश कुलपरिया, डॉ. लोकमन चौरसिया, अनुराग कुमार, डॉ. अरविंद असाटी, अविनाश वाल्मीकि, दिग्विजय सेन सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

### मैराथन दौड़ को सांसद श्री लोधी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## क्षेत्र के बच्चे भी खेल के क्षेत्र में अग्रसर हो और विश्व पटल पर दमोह का नाम रोशन करें-सांसद





हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

सांसद खेल महोत्सव मैराथन दौड़ का शुभारंभ दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने हरी झंडी दिखाकर कीर्ति स्तंभ चौराहा से वंदे मातरम गायन के साथ रवाना किया। यह सांसद मैराथन दौड़ कीर्ति स्तंभ से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, घण्टाघर होते हुए वापिस कीर्ति स्तंभ पर समापन हुई। इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आव्हान पर सभी सांसदों के माध्यम से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में आज दमोह में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, इसके बाद 08 विकासखंडों में कबड्डी और वॉलीबॉल के खेल प्रारंभ होंगे। रहली विधानसभा क्षेत्र में कबड्डी खेल प्रारंभ हो गया है, अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी खेल प्रारंभ होंगे, 01 से लेकर 20 दिसंबर 25 तक करीब 12 खेल जिसमें एथलीट, हाई जंप, लॉन्ग जंप, कबड्डी, वॉलीबॉल, टेबिल टेनिस, कुश्ती, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, हॉकी, हैंडबॉल, बास्केटबॉल शामिल है, 25 दिसंबर को एक तारीख निश्चित होगी और संपूर्ण भारत में एक साथ सांसद खेल महोत्सव का समापन होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी लाइव आकर इसका समापन करेंगे। उन्होंने कहा उद्देश्य केवल यही है, इंडिया खेल, फिट रहे । जिस प्रकार से हमारे बुंदेलखंड की बेटी क्रांति गोंड ने संपूर्ण बुंदेलखंड क्षेत्र का नाम रोशन किया, इस प्रकार से हमारे दमोह लोकसभा के क्षेत्र के बच्चे भी खेल के क्षेत्र में अग्रसर हो और विश्वपटल पर दमोह का नाम रोशन करें। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आव्हान पर सांसद खेल महोत्सव का आयोजन संपूर्ण देश में किया जा रहा है, उसके प्रथम चरण का आयोजन दमोह लोकसभा क्षेत्र से सांसद राहुल सिंह द्वारा आयोजित किया गया। आज जो सफलतापूर्वक आयोजन हुआ है उसके लिए सहयोग करने वाली सभी संस्थाओं का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। यूनिटी का संदेश देने के लिए विभिन्न विभागों के द्वारा सहयोग दिया जा रहा है, जिसमें जिसमें पुलिस प्रशासन, नगरीय प्रशासन, खेलकूद विभाग, नेहरू युवा केंद्र शामिल है।

इस दौरान दौड़ में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया। सांसद खेल महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त मोहिनी ठाकुर को 5100 रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त वैशाली को 3100 रूपये, तृतीय स्थान प्राप्त करिश्मा को 2100 रुपए समिति द्वारा प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार, प्रथम स्थान प्राप्त अंकित परिहार को 11000, द्वितीय स्थान प्राप्त लक्ष्मण रजक को 7100 रुपए, तृतीय स्थान प्राप्त विकास कुर्मी को भी सांसद खेल महोत्सव समिति द्वारा पुरस्कार की राशि प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, लोकेंद्र पटेल लकी भैया, नितेंद्र सिंह लोधी, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, अरूण तिवारी, रामेश्वर चौधरी, महेश पटेल, संजय सेन, अमित बजाज, संजय यादव, मनीष तिवारी, राघवेंद्र सिंह परिहार, भरत यादव, सुरेश पटेल, देवकीनंदन पटेल, दिलीप चौरसिया, प्रिंस जैन, यशपाल ठाकुर, राजेंद्र चौरसिया, कमलेश चौदह, अरूण सोनी, संतोष रोहित, महेंद्र राठौर, शैलेष पटेल, कुलदीप पटेल, अंकित ठाकुर, शिवेंद्र तिवारी, सत्यम चौबे, आलोक चौबे, गौरव चौरहा, राजुल चौरहा, महेंद्र लोधी तथा कृष्णा पटेरिया म्युजिकल ग्रुप द्वारा वंदे मातरम गाया गया। आभार प्रदर्शन गोपाल पटेल द्वारा किया गया।

## सीधी सड़क पर बनी रिटर्निंग वॉल

### मुरम का पुराव न होने से हादसे का खतरा बढ़ा, विभाग की सुस्ती पर ग्रामीण नाराज़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार



बांदकपुर मुख्य मार्ग से रियाना की ओर लगभग डेढ़ किलोमीटर दूरी पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए बनाई गई रिटर्निंग वॉल अब ग्रामीणों के लिए खतरे का कारण बनती जा रही है। वॉल बनने के बाद मुरम का पुराब नहीं किया गया, जिससे सड़क किनारे गहरी खाई खुली पड़ी है और दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ गया है। निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ देने के चलते ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। सड़क किनारे करीब 5 फीट गहरी और 30 फीट लंबी नाली पिछले 15–20 दिनों से खुली हुई है। न सुरक्षा बैरिकेडिंग, न चेतावनी बोर्डङ्क ऊपर से यह स्थान सड़क के मोड़ पर स्थित है, जिससे वाहनों के फिसलने और गिरने की आशंका और बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार रात के समय यह जगह पूरी तरह दुर्घटना-प्रवण हो जाती है। ग्रामीण अमर सिंह, रत्नेश सिंह और नीतेश ठाकुर का कहना है कि गहरी खाई देखकर कई बाइक चालक संतुलन खोते-खोते बचे हैं। सड़क पर अचानक सामने दिखने वाली यह कटिंग लगातार हादसे को दावत दे रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मामले की जानकारी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग को कई बार दी गई, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की यह लापरवाही किसी भी समय बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इस संबंध में हिमांशु, पावर सब-इंजीनियर (प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क) ने कहा—"अभी निर्माण कार्य को एक पखवाड़ा हुआ होगा। मैं ठेकेदार से बात कर मुरम का पुराब एक-दो दिन में करवा देता हूँ।" हालांकि ग्रामीण विभाग के इस आश्वासन को लेकर आशंकित हैं और चाहते हैं कि फिलहाल तुरंत सुरक्षा व्यवस्था की जाए। स्थानीय जनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य जल्द पूरा करवाया जाए और जब तक कार्य पूर्ण न हो, तब तक सड़क किनारे सुरक्षा बैरिकेड, बोर्ड व रिफ्लेक्टर लगाए जाएँ, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## भारतीय क्रिकेटर क्रांति गोंड पहुंचीं नोहटा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार



नोहटा में आयोजित NPL टू प्लास्टिक बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं विश्व विजेता टीम की सदस्य क्रांति गोंड का भव्य स्वागत किया गया। उनके आगमन पर बच्चों, युवाओं, खेल प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों में खासा उत्साह दिखाई दिया। क्रांति गोंड के नोहटा पहुंचते ही मैदान पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और उन्हें देखने तथा सेल्फी लेने की होड़ लग गई। वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन कर बुंदेलखंड का नाम रोशन करने वाली क्रांति को टूर्नामेंट में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। स्वागत के दौरान संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी तथा आयोजक नितेंद्र सिंह लोधी ने क्रांति गोंड का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया। उनकी उपस्थिति से पूरा माहौल उत्साह और ऊर्जा से भर उठा। मैदान में दर्शकों ने तालियों और जयकारों से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। युवा खिलाड़ियों ने क्रांति को अपने लिए प्रेरणा बताते हुए उनके अनुभवों से सीखने की इच्छा व्यक्त की। नोहटा में उनका आगमन खेल प्रेमियों के लिए यादगार क्षण बन गया और क्षेत्र के खिलाड़ियों में नए उत्साह का संचार हुआ।

## वोट चोरी करके सरकार बनाना निंदनीय- मानक पटेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला कांग्रेस प्रभारी पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अब आर पार की लड़ाई का वक्त आ गया है। भाजपा जितनी फूहड़ता जितनी बेईमानी हो सकती है वह सब करने पर उतारू हो गई है जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि बिहार राज्य का चुनाव भाजपा की जितनी की राज्य सरकारे है उनके द्वारा बिहार में ही रहकर रूपये पैसो के दम पर लुटा गया वह निंदनीय है।

जिला प्रभारी रक्षपाल सिंह, लाखन सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा कुर्सी का जितना दुरूपयोग कर सकती है जमकर कर रही है। पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व जिलाध्यक्ष रतनचंद जैन, मनु मिश्रा, लोकसभा एवं विभानसभा प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदीप खटीक, तिलक सींग, राव बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि भाजपा कुछ भी करले हम अडिग है कांग्रेस के प्रति समर्पित है और जो एसआईआर वर्तमान में चल रहा है वह सरकारी बीएलओ के साथ नाम जुड़वाने कटवाने में लगे हुए है।

इस अवसर पर तेजीराम रोहित, संजय चौरसिया, प्रदीप पटेल, लालचंद राय, अमर सींग, रजनी ठाकुर, आशीष पटैल, घनश्याम यादव, परम यादव, लक्ष्मण सींग, प्रशांत पाठक, सुषमा विक्रम ठाकुर, दृगपाल सिंह लोधी, बसंत कुशवाहा, शमीम कुरैशी, बसंत कुशवाहा, उवेद गौरी, अभिषेक यादव, अजय जाटव, रत्नेश सोनी समेत अनेकों कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

## तेंदूखेडा में हुआ भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा

नगर की आचार्यश्री दयोदय गौशाला में मुनिश्री प्रयोग सागर जी महाराज की भव्य पिच्छिका परिवर्तन महोत्सव हुआ। इस दौरान नगर सहित तारादेही, झलोन के अलावा हजारो की संख्या में सकल जैन समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के शुभारंभ मंगलाचरण अनाया मोदी एवं नीरल मोदी ने किया। आचार्य श्री एवं बडे बाबा के चित्र अनावरण वाहर से आए अतिथियो के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुनि श्री के पादप्राक्षलन सौभाग्य संतोष गागरा दमोह एवं राजीव जैन विदिशा के परिवार को मिला इसके अलावा शास्त्र भेंट का सौभाग्य मिटठूलाल जैन दमोह, राजकुमार जैन, प्रवीण जैन, सौरभ लहरी, सुधीर जैन, सक्षम सिघई, अभय जेन, सुखलाल जैन के परिवार को मिला साथ ही संत शिरोमणि आर्चाय श्री विद्यासागर जी महामुनिराज जी का पूजन करने का सौभाग्य सत्येन्द्र जैन के परिवार को मिला है। मुनि श्री की पुरानी पिच्छका लेने का परम सौभाग्य राकेश रिंक्कू गोयल सपना गोयल को एव दूसरी पिच्छका अमित जैन दमोह को मिला साथ ही नई पिच्छिका मुनि श्री को भेंट करने का सौभाग्य नगर के रानू बाम्बे हार्डवेयर मुकेश जैन शिक्षक के द्वारा दी गई है। श्रावक श्रेष्टि बनने का सौभाग्य कमल पांडे एवं सतेन्द्र जैन शिक्षक को प्राप्त हुआ है। चतुर्मास कलश लेने का सौभाग्य निर्मल मोदी, नीतेश जैन, जिनेन्द्र जैन, हेमचंद जैन पंडित जी, मुकेश जैन हीरो सेठ को प्राप्त हुआ।

### केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स संघ की बैठक सम्पन्न

**दमोह।** इंदौर में आयोजित मध्यप्रदेश केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन की राज्य स्तरीय बैठक में प्रदेशभर के केमिस्ट प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में दमोह ज़िले से अध्यक्ष राजेंद्र सिंघई, सचिव अनिल कोटवानी, मनोहर शर्मा, स्वतंत्र कुमार गौतम और लखन मोदी उपस्थित रहे। बैठक में दवा कारोबार से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सारगर्भित चर्चा की गई और कई सार्थक निर्णय भी लिए गए। प्रतिनिधियों ने दवा वितरण प्रणाली, लाइसेंस संबंधी प्रक्रियाएँ, नई नीतियों का प्रभाव, दवा उपलब्धता और सुरक्षा मानकों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।

## नायब तहसीलदार ने एसआईआर सर्वे की जमीनी समीक्षा की

**सिंग्रामपुर।** विधानसभा जबेरा क्षेत्र में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्य को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए प्रशासन सक्रिय है। इसी क्रम में नायब तहसीलदार जबेरा ने आज सिंग्रामपुर ग्राम पंचायत पहुँचकर SIR सर्वे की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने पंचायत क्षेत्र का भ्रमण कर घर-घर जाकर जानकारी प्राप्त की और कार्य की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उनके साथ आरआई सिंग्रामपुर, पटवारी देवेंद्र जाटव, सचिव राकेश सिंह तथा जबेरा से अजय सिंघई मौजूद रहे। टीम ने मतदाता सूची में किए जा रहे अद्यतन, नए



मतदाताओं के पंजीयन, मृत मतदाताओं के नाम हटाने और पते में परिवर्तन जैसी प्रविष्टियों का बारीकी से परीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि SIR कार्य को हर दिन मैदानी स्तर पर जाकर मॉनिटर किया जा रहा है। गांव में बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, राजस्व अधिकारी और पंचायत कर्मचारी लगातार घर-घर पहुँचकर दस्तावेज़ों का सत्यापन कर रहे हैं, ताकि कोई भी नाम छूट न जाए और सूची पूरी तरह सही रहे। नायब तहसीलदार ने निर्देशित किया है कि प्रत्येक परिवार से संपर्क सुनिश्चित किया जाए। योग्य मतदाताओं के नाम किसी भी स्थिति में न छूटें, और सभी प्रविष्टियाँ नियमानुसार एवं समय पर दर्ज की जाएँ। उन्होंने यह भी कहा कि जहां प्रगति धीमी है, वहां टीम को तुरंत सुधार लाने के निर्देश दिए जाएँगे। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि SIR सर्वे का उद्देश्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाना है, जिसके लिए पूरी टीम फील्ड में लगातार गंभीरता से काम कर रही है।

## बार बार अवरूद्ध होने से नर्मदा जल सप्लाई की योजना हुई फ़ेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा



नगरवासी पानी के लिए हैरान परेशान

नर्मदा नदी का पानी घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य से बनाई गई लगभग 33 करोड़ से अधिक रुपये की जल प्रदाय परियोजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती हुई दिखाई दे रही है क्योंकि यह योजना तेंदूखेड़ा नगर में पूर्ण रूप से विफल साबित हो रही है। पानी की वजह से लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है क्योंकि जहां प्रदेश सरकार द्वारा जबलपुर जिले के भेड़ाघाट से नुनसर, , पाटन होते हुए तेंदूखेड़ा तक पाइपलाइन के माध्यम से जल आपूर्ति की यह बहुचर्चित योजना शुरू की गई थी। इसी मुख्य लाइन से पाटन नगर को भी पानी सप्लाई किया जा रहा है लेकिन पाटन के वासन घाट के नीचे सड़क किनारे पंप हाउस तथा पंडा बाबा के पास 52 केएल का ब्रेक प्रेशर टैंक निर्माण भी इसी परियोजना का हिस्सा है। तेंदूखेड़ा में 200 से 250 एमएम पाइप लाइनों के जरिए पानी पहुंचा कर नगर में 3.25 लाख लीटर क्षमता की दो टंकियों में जल भरने की व्यवस्था की गई है। एक टंकी भटरिया (वार्ड 9) में तथा दूसरी वार्ड 11 के पुराने फिल्टर प्लांट में बनाई गई है शासन द्वारा तेंदूखेड़ा सहित कुल 7 नगर परिषदों में इस योजना के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है जबलपुर जिले की छह जिसमें मझौली, पाटन, सिहोरा, पनागर, भेड़ाघाट, बरेला एवं दमोह जिले की एक नर्मदा परियोजना है जिसमें तेंदूखेड़ नगर है नर्मदा का पानी उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों की परियोजनाएं स्वीकृत की गई थीं। इन सभी के लिए भेड़ाघाट में केंद्रीकृत वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी निर्मित किया गया है। लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। तेंदूखेड़ा में इस नई योजना के कारण पेयजल व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुकी है। नगर परिषद की पुरानी बोर आधारित सप्लाई प्रणाली भी कई वार्डों में बंद पड़ी है। पिछले सप्ताह पाटन क्षेत्र में नर्मदा लाइन में आई खराबी के कारण लगभग 6 दिनों तक नगर में पानी नहीं पहुंच सका। गुरुवार को एक दिन जल वितरण हुआ, लेकिन तत्पश्चात लाइन फिर बंद हो गई। ऐसे में ठंड के मौसम में भी नागरिकों को पेयजल के लिए भीषण संकट झेलना पड़ रहा है। नगर परिषद अपनी पुरानी लाइनों को पुनः सुचारु करने में जुटी है, लेकिन स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। मजबूरी में टैंकरों से पानी सप्लाई किया जा रहा है, जिससे अव्यवस्था और बढ़ गई है। कई स्थानों पर टैंकर पहुंचते ही महिलाओं के बीच पानी भरने को लेकर कहासुनी और झगड़े की नौबत आ रही है। सवाल यह है कि इतनी बड़ी परियोजना पर 33 करोड़ से अधिक खर्च होने के बावजूद लोग पानी के लिए क्यों तरस रहे हैं?

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई योजना

वही नगर के लोगों ने इस योजना को भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ने की बात कहीं है उन्होंने कहा कि 33 करोड़ रुपए से अधिक की योजना आए दिन बंद रहती है लोगों को पर्याप्त पानी भी नहीं मिल पाता है नगर में कई स्थानों पर लाइनों में लिंकेज है तो कई घरों में लोग निवास भी नहीं करते हैं और कनेक्शन कर दिया है जिसके कारण पानी फालतू बह रहा था नगर के दो तीन वार्डों में अभी तक नर्मदा परियोजना के तहत पानी नहीं पहुंचा है तो कुछ स्थानों पर आए दिन काम चल रहा है जबकि इस योजना को 2020 तक पूर्ण करना था लेकिन योजना अब फेल होते हुए दिखाई दे रही है ।

### इनका कहना-

इस संबंध में नगर परिषद के जल प्रभारी रामकुमार यादव ने बताया कि लगातार नर्मदा लाइन में दिक्कतों के चलती नगर परिषद अपनी पुरानी लाइनों को दुरुस्त करने का कार्य कर रहा है ताकि नर्मदा लाइन के बाधित होने पर लोगों को जल सप्लाई की जा सके नगरवासियों को पानी को लेकर परेशान ना होना पड़े

### इनका कहना है

तुषार ठाकरे ओएनडम मैनेजर नर्मदा जल आवर्धन योजना जबलपुर ने बताया कि पहले पाटन के पास पाइपलाइन में लिंकेज होने के कारण 6 दिन तक लाइन बंद रही अब पाटन और तेंदूखेड़ा के बीच में बासनघाट सबस्टेशन में विद्युत व्यवस्था बाधित होने के कारण तेंदूखेड़ा नगर में पानी नहीं पहुंच रहा है विद्युत व्यवस्था की सुचारू होने पर जल सप्लाई पहुंच सकेगी

### जहां मन हुआ वहां खड़े कर देते है वाहन....

## अजबधाम में यातायात व्यवस्था बेपटरी




हरिभूमि न्यूज ⏭ अजबधाम

बटियागढ जनपद के गांव अजबधाम फतेहपुर की यातायात व्यवस्था बेपटरी हो चली है। जहां लोगों का मन करता है वाहन खड़ा कर दिया जाता है। इसके साथ दुकानदारों के द्वारा भी सड़क पर सामग्री रखी जाती है। गलियां सकरी हो जाती है एवं आवागमन काफी बाधित होता है। सबसे ज्याद परेशानी साप्ताहि बाजार के दिन होती है। गांव के हाट बाजार बस स्टैंड क्षेत्र में यह समस्या सबसे अधिक है। यहां लोगों को अपने वाहन निकालने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गुरुवार को यहां हाट बाजार भरता है जिससे बाजार से लेकर बस स्टैंड तक काफी लोगो की भीड़ रहती है। पिछले कई सालों से हाट बाजार में बाहर से आए व्यापारी भी अपनी दुकान लगाने लगे है। इसके साथ ही आसपास के दर्जनों गांव के लोग फतेहपुर हाट बाजार करने आते है। बाजार में लोग अपनी मनमर्जी से यहां, वहा, वाहन खड़े कर देते है। ग्रामीण श्री राम यादव, दीपक नामदेव, टीका पटेल, कालू राय का कहना है की पुलिस प्रशासन का इस और ध्यान देना चाहिए लेकिन इस और पुलिस प्रशासन की नजर तक नहीं पहुंच रही है।